अर्द्धवार्षिक परीक्षा 2016-2017
हिन्दी भाषा

कक्षा : VI
समय : 2 घंटे 15 मिनट **पूर्णांक : 80**

1. **निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर निबंध लिखें –** **[15]**

(क) अपनी माँ के आदर्श पुत्र या पुत्री बनने के लिए आप अपने किन-किन गुणों को विकसित करना चाहेंगे या किन-किन नए गुणों को अपनाना चाहेंगे, वर्णन करें।

(ख) गणतंत्र दिवस कब और क्यों मनाया जाता है ? गणतंत्र दिवस समारोह की क्या बात आपको विशेष लगती है ? वर्णन करें।

(ग) जल प्राणी जगत में कितना महत्त्व रखता है ? हमें पानी क्यों बचाना चाहिए ? पानी बचाने के उपाय का वर्णन करते हुए निबन्ध लिखें।

2. **निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर पत्र लिखें –** **[10]**

(क) विद्यालय में बस की सुविधा उपलब्ध करवाने हेतु प्रधानाचार्या को पत्र लिखें।

(ख) किसी कारण से आप अपने विद्यालय का शुल्क जमा नहीं कर पा रहे हैं अतः कारण बताते हुए शुल्क माफ करवाने हेतु प्रधानाचार्या को पत्र लिखें।

3. **अपठित गद्यांश –**

एक बार की बात है। माँ ने अपने बेटे नामू से कहा, ''जा, कुल्हाड़ी लेकर पलास के पेड़ से कुछ छाल उतार कर ला।'' माँ के कहने पर नामू ने कुल्हीड़ी उठाई और जंगल की तरफ़ निकल गया। वहाँ उसने पलास के पेड़ की छाल उतारी और घर की ओर चल पड़ा। रास्ते में उसे विचार आया कि जब मैं कुल्हाड़ी से प्रहार करता था तो एक आवाज़ पेड़ से निकलती थी। कहीं यही आवाज़ पेड़ की कराह तो नहीं। जब मैं प्रहार करता रहूँगा तो पेड़ को पीड़ा भी होती ही होगी।

नामू ने घर आकर पलास की छाल माँ को सौंपी और घर से दूर कुल्हाड़ी लेकर जा बैठा। वहाँ बैठकर उसने कुल्हाड़ी से अपना पाँव रगड़ना शुरू किया। रगड़ के साथ पाँव में पीड़ा होती और खून बहता साथ-ही नामू के मुँह से हल्की-हल्की चीखें भी निकलती थीं।

कुछ देर बार वह घर लौटा और माँ से खाना माँगा। उसके चेहरे पर पीड़ा झलक रही थी मगर वह चुप था। एकाएक माँ की दृष्टि उसकी धोती पर पड़ी जो खून से लाल हो गई थी। उसने घबराकर पूछा, ''क्या हुआ नामू?'' ''कुछ नहीं माँ, तुम चिंता मत करो।'' माँ और अधिक घबराकर बोली, ''बेटा तुम्हारा इतना खून बहता देखकर मैं चिंता कैसे न करूँ ?'' मुझे जल्दी बताओ कि तुम्हें क्या हुआ है ?

नामू ने कहा, ''माँ आपने पलास की छाल मँगाई थी तो कुल्हाड़ी से छाल उतारते हुए मुझे ऐसा लगा कि पेड़ कराह रहा है और उसे पीड़ा हो रही है। इस कारण मैं अपने पाँव पर कुल्हाड़ी की रगड़ से यह जानना चाहता था कि

Downloaded From www.icseboard.org

क्या सभी को एक-सी पीड़ा होती है।" बेटे की बात सुनकर माँ का दिल भर आया, उनकी आँखों से अविरल आँसू की धारा बहने लगी। उसने नामू को गले लगाते हुए कहा, "लगता है मेरी कोख से किसी संत ने जन्म लिया है। तू पराए दुख से, वो भी एक पेड़ के दुख से दुखी हो गया। आगे चलकर यही नामू "नामदेव" के नाम से महाराष्ट्र का प्रसिद्ध संत हुआ।

उपर्युक्त गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर अपने शब्दों में दें -

(क) माँ ने नामू को क्या आदेश दिया ? वह जंगल की तरफ क्यों गया ? [4]

(ख) घर लौटते समय नामू ने रास्ते में क्या विचार किया और क्यों ? [4]

(ग) माँ का दिल क्यों भर आया ? उन्होंने क्या भविष्यवाणी की तथा आगे चलकर नामू किस नाम से प्रसिद्ध हुआ? [4]

(घ) इन निम्नलिखित शब्दों को उतारकर अर्थ लिखें - [3]

(i) प्रहार (ii) पीड़ा (iii) एकाएक

4. **निम्नलिखित दिए गए शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखें - (शब्द उतारें)** [4]

तालाब, तलवार, बादल, दुःख

5. **निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखें - (शब्द उतारें)** [5]

उपकार कृतज्ञ, घृणा, जड़, जागरण, दुर्लभ, उदार, उर्वर, ज्ञान, प्रत्यक्ष

6. **निम्नलिखित अनेकार्थी शब्दों के दो-दो अर्थ लिखें - (शब्द उतारें)** [4]

तीर, पट, फल, मधु

7. **निम्नलिखित समरूपी भिन्नार्थक शब्द लिखें - (शब्द उतारें)** [3]

(क) ग्रह = (ख) दशा = (ग) क्रम =

गृह = दिशा = कर्म =

8. **निम्नलिखित अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखें -** [5]

(क) जो काम करना कठिन हो =

(ख) सुनने वाला =

(ग) जिसे पाना कठिन हो =

(घ) जल में रहने वाला =

(ङ) जो बहुत बोलता हो =

9. **निम्नलिखित मुहावरों को उतारकर अर्थ लिखें एवं किन्हीं दो मुहावरों से वाक्य बनाएँ -** [8]

(क) अंग-अंग टूटना

Downloaded From www.icseboard.org

(ख) हवा से बातें करना

(ग) गले पड़ना

(घ) अपनी खिचड़ी अलग पकाना

10. **निम्नलिखित वाक्यों से उद्देश्य और विधेय अलग करें –** [4]

(क) शीला रंगोली बना रही है।

(ख) डॉ. राजेन्द्र प्रसाद भारत के राष्ट्रपति थे।

(ग) श्रीकृष्ण ने कंस से युद्ध किया।

(घ) मैदान में घोड़े दौड़ रहे हैं।

11. **निर्देशानुसार वाक्य परिवर्तित करें –** [7]

(क) पेड़-पौधे अपना भोजन स्वयं बनाते हैं। (सर्वनाम चुनकर भेद लिखें)

(ख) गंदगी से बीमारी फैलती है । (वचन बदलकर वाक्य लिखें)

(ग) बच्चे छत पर पतंग उड़ा रहे हैं। (क्रिया चुनकर भेद लिखें)

(घ) आपको अच्छे लोगों के साथ रहना चाहिए। (विशेषण शब्द चुनकर भेद लिखें)

(ङ) छात्र ध्यानपूर्वक पढ़ रहे थे। (क्रिया-विशेषण शब्द चुनकर भेद लिखें)

(च) हम हमारे काम की वस्तुएँ ले आए। (वाक्य शुद्ध करें)

(छ) इन शब्दों को उतारकर शुद्ध करें –

(i) निश्चीत (ii) आदरनीय

Downloaded From: www.icseboard.org